भारत की तीनो सेनाओं के कमाण्ड और उनके मुख्यालयों की सूची

भारतीय थल सेना:

सेना को अधिकतर थल सेना ही समझा जाता है, यह ठीक भी है क्योंकि रक्षा-पक्ति में थल सेना का ही प्रथम तथा प्रधान स्थान है। इस समय लगभग 13 लाख सैनिक-असैनिक थल सेना में भिन्न-भिन्न पदों पर कार्यरत हैं, जबकि 1948 में सेना में लगभग 2,00,000 सैनिक थे। थल सेना का मुख्यालय नई दिल्ली में है। भारतीय थल सेना के प्रशासनिक एवं सामरिक कार्य संचालन का नियंत्रण थल सेनाध्यक्ष करता है।

थल सेनाध्यक्ष की सहायता के लिए थलसेना के वाइस चीफ, तथा चीफ स्टाफ अफ़सर होते हैं। इनमें डिप्टी चीफ ऑफ़ आर्मी स्टाफ, एडजुटेंट-जनरल, क्वार्टर मास्टर-जनरल, मास्टर-जनरल ऑफ़ आर्डनेन्स और सेना सचिव तथा इंजीनियर-इन-चीफ सम्मिलित हैं।

भारतीय थल सेना के कमाण्ड और उनके मुख्यालयों की सूची:

कमाण्ड	मुख्यालय
पूर्वी कमाण्ड	कोलकाता
पश्चिमी कमाण्ड	शिमला
उत्तरी कमाण्ड	उधमपुर
दक्षिणी कमाण्ड	पुणे
मध्य कमाण्ड	लखनऊ
दक्षिण-पश्चिम कमाण्ड	जयपुर

भारतीय वायु सेना की स्थापना 8 अक्टूबर 1932 को की गई और 1 अप्रैल 1954 को एयर मार्शल सुब्रोतो मुखर्जी, भारतीय नौ सेना के एक संस्थापक सदस्य ने प्रथम भारतीय वायु सेना प्रमुख का कार्यभार संभाला। समय बितने के साथ भारतीय वायु सेना ने अपने हवाई जहाजों और उपकरणों में अत्यधिक उन्नयन किए हैं और इस प्रक्रिया के भाग के रूप में इसमें 20 नए प्रकार के हवाई जहाज़ शामिल किए हैं। 20वीं शताब्दी के अंतिम दशक में भारतीय वायु सेना में महिलाओं को शामिल करने की पहल के लिए संरचना में असाधारण बदलाव किए गए, जिन्हें अल्प सेवा कालीन कमीशन हेतु लिया गया।

भारतीय वायुसेना के कमाण्ड और उनके मुख्यालयों की सूची:

कमाण्ड	**मुख्यालय**
पूर्वी कमाण्ड	शिलांग
पश्चिमी कमाण्ड	नई दिल्ली
दक्षिणी कमाण्ड	तिरुवनंतपुरम्
केन्द्रीय कमाण्ड	इलाहबाद
ट्रेनिंग कमाण्ड	बंगलौर
मेन्टेनेन्स कमाण्ड	नागपुर
दक्षिण - पश्चिम कमाण्ड	जोधपुर

भारतीय नौसेना (जल सेना):

आधुनिक भारतीय नौसेना की नींव 17वीं शताब्दी में रखी गई थी, जब ईस्ट इंडिया कंपनी ने एक समुद्री सेना के रूप में ईस्ट इण्डिया कम्पनी की स्थापना की और इस प्रकार **1934 में रॉयल इंडियन नेवी की स्थापना हुई।** भारतीय नौ सेना का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है और यह मुख्य नौ सेना अधिकारी - एक एडिमरल के नियंत्रण में होता है। भारतीय नौ सेना 3 क्षेत्रों की कमांडों के तहत तैनात की गई है, जिसमें से प्रत्येक का नियंत्रण एक फ्लैग अधिकारी द्वारा किया जाता है।

- पश्चिमी नौ सेना कमांड का मुख्यालय अरब सागर में मुम्बई में स्थित है।
- दक्षिणी नौ सेना कमांड केरल के कोच्चि (कोचीन) में है तथा यह भी अरब सागर में स्थित है।
- पूर्वी नौ सेना कमांड बंगाल की खाड़ी में आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में है।

भारतीय जलसेना के कमाण्ड और उनके मुख्यालयों की सूची:

कमाण्ड	**मुख्यालय**
पूर्वी कमाण्ड	विशाखापत्तनम
पश्चिमी कमाण्ड	मुम्बई
दक्षिणी कमाण्ड	कोच्चि